भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2185 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025/21 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है

यात्री और मालवाहक जहाजों का रखरखाव कार्य

† 2185. श्री हमदुल्ला सईद :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप के यात्री और मालवाहक जहाजों की मरम्मत और रखरखाव कार्यों में अत्यधिक विलंब हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो उक्त विलंब के क्या कारण हैं और मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या जहाज़ की मरम्मत में विलंब से द्वीपों और मुख्य भूमि के बीच यात्री यातायात और माल की आवाजाही पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा द्वीपवासियों के लिए निर्बाध एवं सुरक्षित परिवहन सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): गत एक वर्ष के दौरान कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने ड्राई डॉक एवं ले-अप मरम्मत सहित लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन (यूटीएलए) के 17 जलयानों की मरम्मत का कार्य किया है और सभी जलयानों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सौंप दिया गया था। सीएसएल ने लक्षद्वीप विकास निगम लिमिटेड (एलडीसीएल) के समन्वयन से यह सुनिश्चित किया कि जब भी यात्री या मालवाहक जलयान को मरम्मत के लिए ले जाया जाए तब समान श्रेणी का दूसरा जलयान प्रचालन हेतु विद्यमान रहे। इस पद्धति ने यूटीएलए को निर्बाध यात्री परिवहन एवं मालवाहकों की आवाजाही को सुनिश्चित करने में मदद की। यूटीएलए से प्राप्त सूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पोतों में यात्रियों की आवाजाही की संख्या 3,46,447 थी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 3,55,612 यात्री हो गई।

इसके अतिरिक्त, यूटीएलए के आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में मालवाहकों की आवाजाही 23,379.36 मीट्रिक टन थी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 37,039.40 मीट्रिक टन हो गई।

*****